SINDHI COLLEGE

20 YEARS EXCELLENCE IN EDUCATION

Multilingual National Conference On

"An Escape into Literature to Overcome Existential Crisis"

25th and 26th August, 2022

M.E.S. Institute of Management Rajajinagar, Bangalore - 10.

Organized by
Language Departments

SINDHI COLLEGE

Reaccredited by NAAC, (Permanently affiliated to Bengaluru City University
Recognized by UGC under 2(f) & 12(B), ISO 9001:2015 Certified Institution

SPONSORS: SINDHI SEVA SAMITI

#33/2B, Hebbal, Kempapura, Bengaluru-560024
Phone: 080-23637543/44, 41178288 Fax: 2363754

https://www.sindhicollege.com E-Mail: languageconference22@gmail.com



Sindhi Group of Educational Institutions

Sindhi College
Sindhi Institute of Management
Sindhi Evening Degree College
Sindhi PU College
Sindhi PU Evening College
Sindhi High School, Hebbal
Sindhi High School, KK Road
Sindhi Seva School
Sindhi Academy of Skills

SINDHI COLLEGE

SINDHI COLLEGE

Permanently affiliated with Bengaluru City University
Recognized by UGC under 2(f) & 12(B), ISO 9001:2015 Certified Institution

M.E.S. Institute of Management Rajajinagar, Bangalore - 10.

Sponsors: Sindhi Seva Samiti

#33/2B, Hebbal, Kempapura, Bengaluru-560024
Phone: 080-23637543/44, 41178288, Telefax: 23637543

E-Mail: languageconference22@gmail.com

ISBN 978-93-5701-603-2
9 789357 016032

अनुक्रम

SL. No.	NAME	COLLEGE NAME	TITLE
1.	Chidananda Naik K R	Silicon City College	आधुनिक हिंदी साहित्य में नैतिकता-पुरुष और स्त्री स्वतंत्रता
2.	Dr Rakhi K Shah	जैन (अभिमत पात्र विश्वविद्यालय)	हिंदी साहित्य में धर्म एवं आस्था से संबंधित नारी समस्याएँ
3.	H D Sowmyashree	Surana College	Sharad joshi kee pramukh rachnao me saamajik vyngya samasya
4.	Prof.Rekha P Menon	Indo Asian women's degree college	Parivarik evam samajik pariprekshya mein Ramcharit Manas
5.	Dr. Sunita Sah	श्री वेंकटेश्वर कॉलेज ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट स्टडीज	सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के उन्नयन में साहित्य की भूमिका एवं उपादेयता
6.	Uma Chaudhary	New Horizon College	हिन्दी साहित्य की उपयोगिता वर्तमान समस्याओ के सन्दर्भ मे
7.	Savitha Kumari B	ISME, Chembanahalli	Ram charit manas me nihit parivarik mulyon ka vartamaan sandarbh me mahatva
8.	Dr. Kanchan S Kudchikar	MES Institute of Management	लेखिकाओं का उपन्यास साहित्य; नारीवाद के संदर्भ में
9.	डॉ. विजयकुमार सूर्यवंशी	सिंधी पी यू कॉलेज	नारी समस्या पर आधारित साहित्य
10.	Dr. Latha N Mukri Asst. Professor	Jain College, Vasavi Campus	Naari Samasya per aadharit Hindi Sahitya
11.	Dr. Ranjeeth Kumar Pratap	DRDO Officer	राष्ट्र निर्माण के संदर्भ मे सामाजिक समस्याओं, जड़ता और कुरीतियों के समाधान मे साहित्य का योगदान

लेखिकाओं का उपन्यास साहित्य; नारीवाद के संदर्भ में ।

प्रस्थावना:

परंपरागत कर्तव्यों को निभाने में ही स्त्री लगी रहती थी। लेकिन आज स्त्री जागृत हो चुकी है, अपने अस्तित्व की पहचान बनाने में कामयाब हो रही है। अपने अस्तित्व का विकास उसने किया है। स्त्री आज घर परिवार तक सीमित न रहकर शिक्षा, खेल प्रशासन, विज्ञान, साहित्य, राजनीति आदि सभी क्षेत्र में अपना स्थान बना चुकी है। नारी के घर से बाहर निकलने के कारण वह अनेक लोगों के संपर्क में आती है जिससे उसकी मानसिक सोच में बदलाव आया है। महिला उपन्यासकारों ने मुख्यता नारी जीवन के विविध रूपों का चित्रण किया है। प्रायः आधुनिक नारी का चित्रण किया है। घर और बाहर के बीच के फासले को पार करते समय आने वाली हर समस्याओं से जूझते हुए उनका समाधान करने वाली नारी का चित्रण किया है। विशेष रूप से पहचान कर स्वयं सहे, झेले हुए यथार्थ का मार्मिक चित्रण करती है।

जैसे जैसे समय बदलता गया वैसे वैसे महिला उपन्यासकारों के विचार भी बदलते गए। आज की लेखिकाओं ने नए सामाजिक संदर्भ में उन पुरानी समस्याओं के साथ-साथ यथा संभव उनकी आज की ज्वलंत समस्याओं को जैसे मानसिक द्वंद्व, ऊब, वासना आदि का चित्रण किया है। साहित्य के क्षेत्र में उसने अपनी प्रतिभा का परिचय खूब दिया है। अनेक महिला उपन्यासकारों में से मुख्य रूप से शिवानी, कृष्णा सोबती, राजीव सेठ, मृदुला गर्ग, ममता कालिया, चित्रा मुद्गल, नासिरा शर्मा, निरुपमा सोबती, प्रभा खेतान, मैत्रेई पुष्पा इन महिला उपन्यासकारों को मैंने लिया है।

स्त्री-विमर्श:

सन 1975 में पनपा स्त्री विमर्श एक ऐसा आंदोलन है जो पाश्चात्य देशों से होते हुए हमारे देश में आया है। स्त्री-विमर्श या स्त्री-वाद नारी की अस्मिता की खोज करते हुए सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक तथा धार्मिक स्वतंत्रता के साथ स्त्री को खुला आकाश देकर उसे मानव के रूप में जीने लायक वातावरण बनाकर नारी के सशक्तिकरण पर बल देता है| नारीवाद यानी पुरुषों से द्वेष या उनका विरोध नही। यदि मृणाल पांडे के शब्दों में कहें तो, "नारीवाद पुरुषों का नहीं उनकी मान्यता घटानेवाले उस छद्म मुखौटे का प्रतिवाद करता है जो मर्दानगी के नाम पर गाढ़ा गया है और जिसके पीछे झूठी अहमन्यता और उत्पीड़क प्रवृत्ति के अलावा कुछ नहीं|" प्रज्ञा शुक्ला के अनुसार, "नारी पुरुष सत्ता विकल्प न चाहते हुए उसके समक्ष रखकर उसकी साजिदारी से अपने मानवीय रूप से समाज में प्रतिष्ठित स्थान चाहती है। "

भारतीय समाज पुरुष-प्रधान होने के कारण लेखकों द्वारा लिखा हुआ स्त्री संबंधित साहित्य और लेखिकाओं द्वारा लिखा हुआ स्त्री संबंधित साहित्य में अंतर हो सकता है इसी कारण शायद कुछ समीक्षको ने लेखिकाओं द्वारा लिखे गए साहित्य को ही स्त्री विमर्श का साहित्य माना है। यह कहां तक उचित है यह दूसरी बात है पर महिला लेखन में स्त्री विमर्श विपुल रूप में मिलता है जो प्रगतिशील है|

महिला उपन्यासों में नारीवाद

शिवानी के 'विवर्त' उपन्यास में ठगी गई नारी का चित्रण है। उपन्यास की नायिका ललिता अत्यंत सुंदर है और एक गांव में अध्यापिका है। लंदन प्रवासी सुधीर ने उसकी सुंदरता से प्रभावित होकर उस से विवाह किया। परंतु यह बात उसने छिपाए रखी थी कि अंग्रेजी युवती से उसका विवाह पहले ही हो चुका है। इस बात का पता तब चलता है जब ललिता सुधीर की खबर लेने लंदन पहुंचती है। सुधीर की पत्नी फिलीज से मिलकर उसे धक्का लगता है। एक नीग्रो युवक आर्थर की सहायता से किसी प्रकार वह भारत लौट आती है। इस उपन्यास में शिवानी जी ने ठगी हुई नारी का चित्रण किया है। पुरुष किस प्रकार स्त्री को ठगता है इसका चित्रण किया है। स्त्री की समस्या नारी का दर्द, पीड़ा,यातनाओं को दर्शाया गया है।

कृष्णा सोबती का 'सूरजमुखी अंधेरे के' उपन्यास में नायिका 'रति' बचपन में बलात्कारी होती है। परिणाम स्वरुप वह असहिष्णु, क्रूर और फ्रिजिड होती है। अंत में दिवाकर से प्रभावित होकर उसे पूर्ण समर्थन कर देती है। इस प्रकार उसे काम विकृति से मुक्ति मिल जाती है। कृष्णा सोबती ने इस उपन्यास में परंपरागत नारी मुद्रा के विपरीत नारी मन का स्वतंत्र या स्वच्छंद आलेखन कर साहसिक कदम उठाया है।

राजी सेठ के 'तत्सम' उपन्यास में बसुधा के पति निखिल का दुर्घटना में निधन हो जाता है। बसुधा अपने लिए ऐसे पति की तलाश करती है जो केवल प्रेमी या स्वामी की भूमिका अदा न करें बल्कि एक सच्चे सहयात्री की भूमिका अदा करे। लंबी यात्रा के बाद वह 'आनंद' को वरण करती है। पति की मौत से जिंदगी नहीं रुकती यह बताते हुए राजी सेठ ने यहां नारी जीवन की सार्थकता का विवेचन किया है।

मृदुला गर्ग नारी विमर्श की एक विशिष्ट लेखिका है। उनका उपन्यास 'मैं और मैं' में ऐसी स्त्री अस्मिता की खोज है, जो कथा लेखिका भी है। नायिका माधवी अपने पति और बच्चों के साथ सुविधा और शांति का जीवन व्यतीत करती है। उसके जीवन में कौशल का प्रवेश होता है जो कुरुप,कुंठित काम पीडित किंतु प्रभावशाली है। माधुरी से लेखन चर्चा के बहाने जुड़ा रहना चाहता है। पर माधवी उसके ही झूठ प्रपंच और षड्यंत्र में उससे खेलती है और अंत में उसे पराजित कर सफल भी होती है। इस तरह लेखिका ने नारी मन की स्थिरता और पुरुष की लोलुपता का सूक्ष्म चित्रण किया है।

ममता कालिया के 'बेघर' उपन्यास में लेखिका ने संस्कारबध्द पुरुष मन पर गहरी चोट की है। बेघर का नायक परमजीत मुंबई में रहते संजीवनी भरुचा के संपर्क में आता है। घनिष्ठता बढ़ने पर प्रथम संभोग में युवती के शरीर से खून नहीं आया इससे आहत हो जाता है और उस पर अनुमान करता है कि अन्य पुरुषों से भी उसका संबंध रहा होगा। आखिर में वह माता-पिता द्वारा तय हुई लड़की से शादी करता है जो झगड़ालू, स्वार्थी, गंवार और संवेदन शून्य है। ऐसी पत्नी के साथ जीवन बिताते वह टूटता है और दिल के दौरे से उसका निधन होता है। इस उपन्यास की लेखिका ने यह दिखाया है कि, "नारी की पवित्रता की कसौटी उसकी मानसिक एकात्मता और समर्पण है, शारीरिक कुंवारापन नहीं।"

चित्रा मुद्गल के 'एक जमीन अपनी' उपन्यास मे विज्ञापन जगत मे होने वाले नारी शोषण को चित्रित किया गया है। इस पूरे उपन्यास मे स्त्री शोषण के संबंध मे संचार माध्यमो की भोगवादी दृष्टि का पर्दाफाश किया है।

M.E.S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore - 10.

नासिरा शर्मा का उपन्यास 'ठीकरे की मंगनी' में नायिका महरुख [illegible] परिवार की शिक्षित और संवेदनशील युवती है, जो मुस्लिम समाज की परंपराओं को अत्यधिक मान्यता देती है, किंतु जब उसका मंगेतर रफत पढ़ाई के दौरान अमेरिका जाता है तो वहीं की लड़की से विवाह रचाता है और लौटते वक्त उसे तलाक देता है। यह बात पता चलने पर महरुख उससे शादी के लिए इंकार कर देती है। और स्वयं अपना मार्ग निर्धारित कर एक छोटे से गांव में पढ़ाने लगती है। वहां के लोगों को साहस के साथ अन्याय से लड़ना सिखाती है। वह अपने जीवन को नया अर्थ देती है।

नासिरा शर्मा ने नायिका महरुख के जरिए यह बताने की कोशिश की है कि सारे संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के बावजूद आज भी स्त्री दासी है और पुरुष स्वामी।

<u>निरुपमा सेवती</u> का 'दहकन के पार' उपन्यास में धार्मिक, सांप्रदायिक रूढ़ियों पर प्रहार किया है। तुषार हिंदू लड़की है और असलम मुसलमान। इनमें प्रेम तो है, पर धर्म के कारण वे शादी नहीं कर पाते। असलम से तुषार को गर्भ रह जाता है। वह गर्भपात कराना नहीं चाहती। एक सांप्रदायिक दंगे में असलम मारा जाता है। इकबाल जो तुषार और असलम दोनों का मित्र रहता है, तुषार को सांत्वना देता है। इकबाल तुषार और उसके बच्चे को अपनाता है। इस प्रकार निरुपमा सेवती ने आधुनिक सामाजिक व्यवस्था के भीतर घुटती हुई नारी के जीवन संघर्ष की अनेक बिंदुओं पर उभरते हुए भविष्य के प्रति आशावादी स्वर मुखरित किया है।

<u>प्रभा खेतान</u> के 'छिन्नमस्ता' उपन्यास की नायिका प्रिया संपन्न मारवाड़ी परिवार की बेटी है। 10 उम्र की आयु में अपने ही भाई से उसका कौमार्य भंग होता है। दर्शनशास्त्र के अध्यापक मुखर्जी ने भी उसे भोगा है। नरेंद्र से प्रिया का विवाह होता है। संपन्न ऐश्वर्यपूर्ण ससुराल उसे मिलता है। किंतु नरेंद्र की स्वेच्छाचारिता, उसके अनैतिक संबंधों के कारण प्रिया उससे अलग हो जाती है। अपने बलबूते पर विदेशों तक अपना व्यापार बढ़ाती है, जिसे देखकर नरेंद्र प्रिया से ईर्ष्या करता है। पुरुष का अभिमान नारी स्वाभिमान को सहज ही स्वीकार नहीं कर पाता। इस तरह प्रभा खेतान ने प्रिया के माध्यम से नारी की अस्मिता, स्वत्व-सिद्धि, स्वाभिमान, गौरव का चित्रण किया है।

<u>मैत्रेयी पुष्पा</u> के उपन्यासों में नारी शक्ति जाग उठी है। अब नारी पुरुष वर्चस्व को चुनौती देने के लिए अपना कदम बढ़ा चुकी है। फिर चाहे वह 'बेतवा बहती रही' की नायिका उर्वशी हो या 'इदन्नमम' की मंदाकिनी हो या 'चाक' की सारंग हो। उर्वशी के जरिए लेखिका विधवा विवाह को प्रोत्साहन देती है। तो मंदाकिनी को उन्होंने एक जुझारू युवती के रूप में दिखाया है, जो वह समाज और परिवार के बंधनों को ही नहीं तोड़ती अपितु नेताओं और माफिया ठेकेदारों द्वारा आदिवासियों और ग्रामीणों पर होते रहे शोषण का विरोध करती है। वहीं सारंग अपने पति के विरोध में चुनाव में खड़ी होकर विरोधियों के चक्रव्यूह को तोड़कर विजय प्राप्त करती हुई दर्शाया है।

निष्कर्ष

इस प्रकार लेखिकाओं ने पुरुष प्रधान संस्कृति में नारी समस्या, नारी का दर्द, पीड़ा, यातनाओं को समाज के सामने उद्घाटित किया है। उनकी रचनाओं में जो स्त्रीवाद मिला है वह प्रगतिशील है। लेखिकाओं के उपन्यास के अध्ययन से ज्ञात होता है कि दिन-ब-दिन उनकी रचनाओं में स्त्री को अधिक मुक्त स्वतंत्र दर्शाया है। ऐसी नारी का चित्रण मिलता है जिसने अधिकारों को अधिक प्राप्त किया है। नारी जीवन के [illegible] रचना की है। दिनेश नंदिनी डालमिया, शशी प्रभा शास्त्री, शिवानी जैसी लेखकों की रचनाओं [illegible]र से पीड़ित नारी

M.E.S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore - 10. *

का आक्रोश, संघर्ष, व्यथा, संवेदना, तनाव दिखाई पड़ता है। कहीं कहीं उनके नारी पात्र विद्रोह भी करते है पर वह अविश्वसनीय प्रतीत होते है। नारी मुक्ति का अर्थ पारिवारिक जीवन से मुक्ति नहीं, उसकी बुराइयों से मुक्ति होना चाहिए।

कृष्णा सोबती ने अपने उपन्यास मे परंपरागत नारी के विपरीत आधुनिक नारी का स्वच्छंद लेखन किया है। राजीव सेठ ने यह प्रतिपादित किया है कि विधवा होते ही स्त्री का जीवन रुकता नहीं बल्कि उसे अपने तरीके से जीने का पूरा अधिकार है। मृदुला गर्ग ने अपने "मैं और मैं" उपन्यास में पुरुष किस प्रकार स्त्री के साथ खेलता है उसी प्रकार स्त्री उसके साथ खेल सकती है यह दिखाया है। ममता कालिया ने पुरुष की संशयी प्रवृति का परिणाम दिखाते हुए यह बताया है कि नारी की पवित्रता की कसौटी उसकी मानसिक एकात्मता और समर्पण है, शारीरिक कुंवारा पन नहीं। चित्रा मुद्गल ने विज्ञापन जगत में होने वाले नारी शोषण पर प्रकाश डाला है। नासिरा शर्मा ने स्त्रियों के लिए जारी किए गए अधिकारों पर, कानूनों पर करारा व्यंग्य किया है। निरुपमा सेवती ने उन धार्मिक, सांप्रदायिक रुढियों पर प्रहार किया है जो स्त्रियों के विरोध में है। प्रभा खेतान ने यह चित्रित किया है कि आज की नारी पति के अनैतिक संबंधों को नहीं सहती बल्कि अलग होकर वह अपनी अस्मिता खुद बना सकती है। मैत्रीय पुष्पा के उपन्यासों में पुरुष के वर्चस्व को चुनौती देने वाली नारी का चित्रण मिलता है। हिंदी साहित्य के क्षेत्र में कोई क्षेत्र वर्जित नही है। क्रूर सामाजिक व्यवस्था के प्रति विद्रोह करना स्त्री वादी साहित्य की विशेषता है। महिला उपन्यासकारों ने अपने उपन्यासों में ऐसी स्त्री की कल्पना की है जो अखंड सौभाग्यवती रहो ऐसे प्रधानों का विरोध करती है। उन्होंने यह संदेश दिया है कि, स्त्री स्वयं को और समाज को पुरुष संदर्भ के बगैर बदले उसे स्वावलंबी होना है। चौका बर्तन करने वाली स्त्री तक क्रांति लाने की कोशिश महिला उपन्यास कारोंने की है। नारी का यही कहना है कि,

नारी ना देवी है, ना दासी है,
केवल मानवी है,
जो वह भी जीवन के अभिलाषी है।

Dr. Kanchan S. Kudchikar,
MES INSTITUTE OF MANAGEMENT,
Rajajinagar,
Bangalore-10
kanchanmesiom@gmail.com

M.E.S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore - 10. *

Sharadas

Principal
MES Institute of Managemen
Rajajinagar Bangalore-560 0..

महिला सशक्तिकरण में
हिन्दी साहित्य का योगदान

M.E.S. Institute of Management
Rajajinagar, Bangalore - 10.

सम्पादक
डॉ. माया सगरे-लक्का

सह-सम्पादक
डॉ. श्रीनिवास मूर्ति
डॉ. नंदिनी चौबे

रेवा विश्वविद्यालय, बेंगलुरु

डॉ. माया मगरे-लक्का

डॉ. माया मगरे लक्का का जन्म 30 सितंबर को महाराष्ट्र राज्य के लातूर जिले में एक धार्मिक तथा सुशिक्षित परिवार में हुआ। आपकी शिक्षा श्री देशीकेन्द्र विद्यालय लातूर में तथा स्नातकोत्तर की उपाधि दयानंद कला महाविद्यालय लातूर से प्राप्त हुई। आपने स्वामी रामानंद तीर्थ विश्वविद्यालय से बी.एड. किया और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद से पी-एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। आपकी 'प्रयोजनमूलक हिंदी' अरुणा प्रकाशन, लातूर से तथा 'हिंदी और मराठी के स्वातंत्र्योत्तर आँचलिक उपन्यासों का तुलनात्मक अध्ययन' शैलजा प्रकाशन, कानपुर से प्रकाशित हुई है। साथ ही 'प्रयोजनमूलक हिंदी' नामक किताब अखंड प्रकाशन, दिल्ली से प्रकाशित हुई है। 'इलेक्ट्रॉनिक मीडिया भाषा, लेखन कला तथा तकनीकी प्रविधि' यह संपादित किताब विकास प्रकाशन, कानपुर से प्रकाशित हुई है। आपने राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अनेक प्रपत्र प्रस्तुत किए हैं। जिनका प्रकाशन भी हुआ है। उनमें से कुछ प्रपत्रों को सर्वश्रेष्ठ प्रपत्र के रूप में सम्मानित भी किया गया है। आपके अलग- अलग महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्यान भी हुए है । इसके साथ ही आप अखिल भारतीय हिंदी महासभा के बेंगलुरु प्रांत के 'प्रांत अध्यक्ष' के रूप में कार्यरत हैं। संत कबीर प्रतिष्ठान लातूर तथा ज्ञान किरण संस्था बेंगलुरु इन संस्थाओं में सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। आप पिछले 18 सालों से बेंगलुरु में निवास कर रही हैं। आप रेवा विश्वविद्यालय के कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग में सह आचार्य के रूप में कार्यरत हैं। आपको मराठी, हिंदी, अंग्रेजी तथा कन्नड़ भाषाओं का ज्ञान है।

Also available at : Flipkart amazon

विकास प्रकाशन, कानपुर
311 सी, विश्वबैंक बर्रा, कानपुर 208027
शाखा : 110/138 मिश्रा पैलेस, जवाहर नगर, कानपुर 12
मोबाइल : 9415154156, 9450057852
E-mail vikasprakashankanpur@gmail.com
vikasprakashanknp@gmail.com
Website www.vikasprakashan.com

ISBN 978-93-95922-18-0
9 789395 922180
₹ 800.00

S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore

मूल्य : आठ सौ रुपये मात्र

पुस्तक	:	महिला सशक्तिकरण में हिन्दी साहित्य का योगदान
सम्पादक	:	डॉ. माया सगरे- लक्का
प्रकाशक	:	**विकास प्रकाशन** 311 सी., विश्व बैंक, बर्रा, कानपुर- 208027
संस्करण	:	प्रथम, 2023 ई.
आवरण-सज्जा	:	छपाई घर, ब्रह्मनगर, कानपुर
शब्द-सज्जा	:	शुभी कम्प्यूटर, कानपुर
मुद्रक	:	छपाईघर, ब्रह्मनगर, कानपुर
मूल्य	:	800/-
ISBN	:	978-93-95922-18-0

M.E.S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore - 10.

25. नीला आकाश उपन्यास में स्त्री पात्र 159–163
डॉ. वानिश्री बुग्गी
26. 'शेष यात्रा' उपन्यास में चित्रित भारतीय नारी के संघर्ष की गाथा 164–167
विक्रम बालकृष्ण वारंग
27. लक्ष्मीकांत वर्मा के प्रमुख उपन्यासों में महिला सशक्तिकरण 168–174
डॉ. श्रीनिवास मूर्ति के.
28. प्रेमचन्द के उपन्यासों में स्त्री विमर्श 175–180
डॉ. नंदिनी चौबे
29. उषा प्रियम्वदा के कथा साहित्य में कामकाजी स्त्री : विविध संदर्भ 181–186
डॉ. पूनम सिंह
30. हिमांशु जोशी की कहानियों में नारी-चित्रण 187–193
डॉ. के. आर. शशिकला राव
31. हिंदी कथा साहित्य में स्त्री 194–198
डॉ. व्यंकट किशनराव पाटील
32. हिंदी कथा साहित्य में वर्णित नारी : घर और बाहर 199–203
डॉ. पी. के. जयलक्ष्मी
33. आधुनिक कहानियों में नौकरीपेशा नारी का स्वरूप 204–208
डॉ. के. प्रिया नायडू
34. महिला साहित्यकारों का हिन्दी साहित्य में योगदान (मालती जोशी की कहानियों के संदर्भ में) 209–213
डॉ. अनिता वेताल/अत्रे
35. यशपाल के कथा साहित्य में 'स्त्री' 214–221
डॉ. रमेश यादव
36. नवें दशक के नाटकों में नारी समस्याएँ 222–227
डॉ. कंचन कुडचीकर
37. स्त्री आत्मकथाओं में स्त्री विमर्श 228–

M.E.S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore - 10. *

36

नवें दशक के नाटकों में नारी समस्याएँ

डॉ. कंचन एस. कुडचीकर

नवें दशक के नाटककारों ने नारी समस्याओं को विभिन्न कोनों से देखा परखा और विवेचन किया है। साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है। विषय के अनुसार तथा समय की परिस्थिति के अनुसार रचनाकार अपनी रचनाओं में विभिन्न समस्याओं को चित्रित करता है। इन नाटककारों ने विविध नारी चरित्रों की सृष्टि कर परंपरा एवं आधुनिकता के द्वंद्व, दांपत्य जीवन की विसंगतियों, कटुता एवं तनाव, स्त्री-पुरुष के आपसी संबंधों की नवीन मान्यताओं और उनसे उत्पन्न जटिलताओं, नारी की आर्थिक निर्भरता तथा समान अधिकार की भावनाओं के कारण पारिवारिक तथा सामाजिक क्षेत्र में उन्हीं समस्याओं को नाटकीय अभिव्यक्ति का विषय बनाया है।

नवें दशक के नाटककारों ने नारी की जीवन को प्रस्तुत करने वाली अनेकानेक समस्याओं को चित्रित किया है। जो निम्न प्रकार है-

दहेज समस्या

बेटी के विवाह के समय दहेज देने की प्रथा बहुत पुरानी है। सभी वर्गों के लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार कन्यादान के साथ अन्य सामान भी देते हैं। लेकिन आज यह शोषण का रूप बन गया है। दहेज नए-नए रूप धर कर सामने आ रहा है। बदलते [illegible] के साथ यह एक व्यापक सामाजिक समस्या बन गई है और इस समस्या से [illegible] का नाश एवं शोषण हो रहा है।

समानांतर प्रेम

यह नाटक [illegible] अहमद निहाल सिद्दीकी की है। इस नाटक में [illegible]

M.E.S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore

निकलती है। उसी समय उसे गुंडे पकड़ लेते है। संयोग से विजय बहादुर उधर से गुजरते है, गुंडे उन्हें देख कर भाग जाते है। विजय बहादुर काम्मो को आत्महत्या करने से बचाते है और उसके घर लेकर आते हैं लेकिन वह कम्मो का यौन शोषण करते हैं। कम्मो मन-ही-मन पछताती है और अपने भाग्य को कोसती है।

इस नाटक में लेखक ने दहेज प्रथा पर करारा व्यंग्य किया है और दहेज प्रथा के कारण अच्छी लड़कियों की जिंदगी किस प्रकार बर्बाद हो जाती है इसका यथार्थ चित्रण किया है।

विधवा समस्या -

विधवा समस्या में विधवाओं के विरुद्ध हिंसा में पीटना, भावनात्मक उपेक्षा, यातना, गाली गलोज करना, लैंगिक दुर्व्यवहार, संपत्ति में वैध हिस्से न होना और उनके बच्चों के साथ दुर्व्यवहार सम्मिलित है। नवें दशक के नाटककारों ने विधवाओं की विविध समस्याओं को अपने नाटकों में चित्रित किया है।

जीने दो -

यह नाटक रामभगत पासवान का है। इस नाटक में केदार सामान्य किसान है। उनकी पत्नी का नाम मनोरमा है। पति के देहांत के बाद मनोरमा विधवा हो जाती है। परिवार वाले उसका शोषण करते हैं। उसकी बेटी अंजना को अनूपलाल और उसकी पत्नी कलंकित करते हैं।

इस नाटक में दूसरी एक विधवा है अंजना। इसका विवाह 60 वर्ष के रामधारी से होता है। शादी के बाद उसको बुलाकी जान से मार देता है तब अंजना कम उम्र में विधवा हो जाती है। अंजना नौजवान है। उसका यौन-शोषण करने का काम बुलाकी और लूटनमल करते हैं। लूटनमल अंजना का मानसिक शोषण भी करता है। इस प्रकार विधवा अंजना का शारीरिक, मानसिक शोषण परिवार वाले एवं समाज के लोग करते हैं। उसे अपनी जिंदगी कठिनाइयों में जीने पड़ती है।

मैं नारी तुम पुरुष -

यह नाटक डॉ. अज्ञात का है। इसमें प्रमुख नारी पात्रा भगवती है। वह 20 वर्ष की आयु में विधवा हो जाती है। उसे अनेक प्रकार का दर्द भुगतना पड़ता है, इसकी वजह से वह घर से भागती है भाग कर वह लोकसेवा संघ में शामिल होती है।

लोक सेवा संघ में नारियों का यौन शोषण किस प्रकार होता है, विधवाओं को अपनी जिंदगी में किस प्रकार की यातनाएँ सहनी पड़ती हैं इसका यथार्थ चित्रण डॉ. अज्ञात ने इस नाटक में किया है।

वेश्यावृत्ति की समस्या -

यद्यपि देश में वेश्याओं की संख्या के बारे में निश्चित आँकड़े उपलब्ध नहीं हैं

M.E.S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore - 10

लेकिन भारतीय नगरों में वेश्यावृत्ति गंभीर सामाजिक समस्या है। ग्रामांचल में तेजी से बढ़ती दरिद्रता और शहरों के आकर्षण के कारण प्रतिदिन हजारों युवक ही नहीं औरतें भी प्रतिदिन नौकरी की तलाश में गाँव छोड़ शहरों में आती है फिर काम की तलाश में उन्हें कहाँ-कहाँ ले जाया जाता है उन पर क्या बीती है अनुमान से ही समझा जा सकता है। अंत में वेश्यावृत्ति अपनाने के लिए औरतें मजबूर हो जाती हैं।

श्वेत कमल -

यह नाटक विष्णु प्रभाकर का है। इस नाटक में पूनम एक पढ़ी-लिखी लड़की है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण और नौकरी पाने के लिए भटकती रहती है। लेकिन उसको नौकरी नहीं मिलती। आज के युग में पैसों को महत्व है। इसीलिए वह अर्थ प्राप्त करने के लिए अपने समाज का, संस्कृति का, परिवार का विचार न करते हुए पैसों के लिए अपना जिस्म तक बेचती है। पूनम इस तरह अपना पूरा जीवन बर्बाद करने के लिए तुली है। एक दिन पुलिस होटल पर रेड डालती है तो उसे पछतावा आ जाता है और उसी समय वह आत्महत्या कर लेती है।

इस प्रकार आधुनिक युग में पढ़ी-लिखी लड़कियाँ पैसों के लिए और अपने शान शौकत के लिए अपना जिस्म बेचती है और समय आने पर खुद को मिटा देती है। इस प्रकार नवें दशक के नाटकों में वेश्यावृत्ति की समस्या चित्रित हुई है।

बलात्कार की समस्या -

बलात्कार की समस्या सभी देशों में गंभीर मानी जाती है। भारत में आयु के हिसाब से बलात्कार की शिकार की प्रतिशतता 16 से 30 वर्ष के आयु समूह में सर्वाधिक है। जबकि 10 वर्ष से कम आयु के शिकार लगभग 4.2% है और 16 वर्ष के बीच आयु के शिकार लगभग 22.8% है। 30 वर्ष के ऊपर के शिकार 17% है। गरीब लड़कियाँ ही अकेली बलात्कार का शिकार नहीं होती अपितु मध्यम वर्ग के कर्मचारियों के साथ मालिकों द्वारा बलात्कार किया जाता है। इस प्रकार उच्च मध्यमवर्गीय महिलाओं के साथ बलात्कार होता है। नवें दशक के नाटककारों ने भी नारी की बलात्कार की समस्या चित्रित की है।

गांधार की भिक्षुणी-

विष्णु प्रभाकर का यह नाटक है। इस नाटक में बलात्कार की समस्या को उजागर किया गया है। इसकी कथावस्तु ऐतिहासिक है। भारत पर हुए आक्रमणों को स्कंद गुप्त ने विफल कर दिया। पर काबुल, कंधार पर हूणों का अधिकार बना रहा।

हूण सरदार नारियों पर अन्याय, अत्याचार करते है। गांधार के बौद्ध विहार में रहने वाली भिक्षुणी आनंदी उनके बलात्कार का शिकार होती है। वह [illegible] इस नाजायज संतान से अपमानित होती है और आत्महत्या करना चाहती है। पर माल

M.E.S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore - 10.

तब यशोधर्म उसे समझाते हैं। यशोधर्म द्वारा आनंदी प्रेरित होकर प्रतिशोध की भावना से जीवन यापन करती है और एक दिन अपने बलात्कारी हूण सरदार को खत्म कर देती है। वर्तमान में भी आनंदी के समान अनेक नारियाँ बलात्कार का शिकार होती हैं। कई नारियाँ आत्महत्या करती हैं तो कई आनंदी के समान जीवन-यापन करती है।

नौकरीपेशा नारी की समस्या-

आज नारी पुरुषों के समान हर क्षेत्र में आगे हैं। हर क्षेत्र में वह नौकरी कर रही है। नौकरी पेशा या कामकाजी महिलाओं की अपनी अलग समस्याएँ हैं। घर और बाहर दोनों क्षेत्रों में उससे अपेक्षा की जाती है। बाहर काम के बावजूद उसे गृह कार्य में परंपरागत ढंग से अकेले ही रहना पड़ता है। गृहिणी तो यह कार्य आसानी से कर लेती पर कामकाजी महिलाओं के जीवन में इससे जुड़ी हुई अनेक समस्याएँ सामने आती है। समयाभाव के कारण ही घर में बच्चों की दुर्दशा, घर में रहने वाली स्त्रियों द्वारा असहयोग आदि ऐसे अनेक स्थिति में उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। नवें दशक के नाटककारों ने नौकरी पेशा नारियों की समस्याएँ चित्रित की हैं।

अहिल्या आज की -

रेणू इस नाटक का प्रमुख नारी पात्र है। वह एक नौकरी पेशा नारी है। थकी-हारी होने के बाद भी उसके चेहरे पर उल्लास एवं चमक दिखाई देती है। अपने पति रवि को हमेशा खुश रखना चाहती है। रेणू एक भारतीय नारी है जो अपने पति को परमेश्वर मानती है।

वह स्वयं नौकरी करती है और पैसा पति को देती है। उसकी हमेशा सहायता करती है। लेकिन उसका पति उसे हमेशा फटकारता है, उसे बदनाम भी करता है। रेणू पढ़ी लिखी एवं नौकरी पेशा नारी है। फिर भी उसका पति शारीरिक, मानसिक, आर्थिक शोषण करता है। रेणू बहुत समय तक यह सब सहन करती है और अंत में सभी बंधन छोड़कर स्वच्छंद जीवन जीने का रास्ता तय कर लेती है।

नारी : नारी समस्या की जड़ -

भारतीय समाज में नारी को किसी पुरुष द्वारा सताना या कष्ट देना नई बात नहीं है। इसी तरह किसी नारी के द्वारा दूसरी नारी को यातना देते हुए भी हम देखते हैं। नारी यह भूल जाती है कि वह भी एक नारी है। नवें दशक के नाटककारों ने भी नारी ही नारी की समस्या की जड़ किस प्रकार है यह चित्रित किया है।

संस्कार को नमस्कार-

इस नाटक में कमोबेन महिला केंद्र की संचालिका है। वह आश्रम के संस्थापक संस्कारचंद से पूरक है। कमोबेन एक स्वार्थी एवं नारी का शोषण करने वाली संचालिका है। केंद्र के सभी हथकंडे में वह शामिल है। वह सभी राजकीय एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठित

M.E.S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore - 10. *

लोगों से मिली हुई है और उनके सभी गलत काम करती है। अपने काम के लिए वह आश्रम की लड़कियों का उपयोग करती है। कमोबेन नारी है लेकिन नारी की पीड़ा वेदना नहीं जानती बल्कि नारी को और जलील, प्रताड़ित, बेसहारा करने का काम करती है। बेसहारा नारी का वह मानसिक, शारीरिक, शोषण खुलेआम करती है। उसका स्वयं का भी आचरण उचित नहीं है। आश्रम की संचालिका के नाते उसे महिलाओं पर उचित संस्कार करने चाहिए लेकिन वह महिलाओं को गलत कार्य करने को प्रोत्साहन देती है। आधुनिक युग के महिला आश्रमों में काम कमोबेन के समान अनेकों संचालिकाएँ हैं जो युवतियों का शारीरिक शोषण करवाती है। यह आज का यथार्थ है।

वैवाहिक जीवन की समस्या -

विवाह विश्व के सभी समाजों में पाया जाता है। लेकिन हिंदू समाज में विवाह एक धार्मिक कृत्य माना गया है। विवाह के बाद उसे पति के साथ ही रहना पड़ता है और उसके विचारानुरूप चलना पड़ता है। पुरुष हमेशा नारी पर अधिकार जताता रहा है। वैवाहिक जीवन में भी नारी को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नवें दशक के नाटककारों ने भी नारी के वैवाहिक जीवन की विभिन्न समस्याओं का चित्रण किया है।

उजली दस्तक -

इस नाटक में सावित्री क्लर्क परिवार की एकलौती संतान है। पिता के देहांत के बाद आर्थिक स्थिति पूरी तरह बिगड़ जाती है। माँ उसकी शादी शेखर नामक युवक से करती है जो ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं है क्योंकि माँ में दहेज देने की क्षमता नहीं थी। शेखर इस शादी से बहुत खुश हैं। एक दिन शेखर के सीने में दर्द होता है। रात का समय था। सावित्री डॉक्टर को बुलाने के लिए घर से निकलती है लेकिन पुलिस एवं नेताजी के चमचों के शिकंजे में फँस जाती है। वह स्वयं की इज्जत बचाने की लाख कोशिश करती है लेकिन वह असफल होती है। इस अवस्था में वह अपने घर लौटती है लेकिन घरवाले दरवाजा बंद कर उसे ठुकराते हैं। वह घर वालों के सामने याचना करती है। इतनी याचना करने के बाद भी घर वाले उसे प्रवेश नहीं देते क्योंकि वह कलंकित है। वह यह भूल जाते हैं कि वह उनके लिए ही डॉक्टर लाने इतनी रात में गई थी। अंत में वह एक मंदिर के पुजारी के पास जाती है। इतना दर्द शेखर एवं उसकी माँ द्वारा देने के बाद भी गुप्त रूप से वह शेखर की सहायता करती है। सावित्री को वैवाहिक जीवन में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। समाज के साथ पति और परिवार वालों से उसे जूझना पड़ता है। अंत में शेखर के दिल में सावित्री के प्रति प्रेम निर्माण होता है और वह सावित्री को अपने घर लेकर जाता है इस प्रकार सावित्री को अपने वैवाहिक जीवन में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

Rajajinagar, Bangalore

निष्कर्ष

इस प्रकार नवें दशक के अधिकतर नाटककारों ने अपने नाटकों में नारी समस्या का यथार्थ चित्रण किया है। उनका अध्ययन कर उनकी विभिन्न समस्याओं को उजागर किया है। भारतीय नारी रूढ़ि-परंपरा से उपेक्षित एवं शोषित रही है। उस पर परिवार और समाज ने अन्याय तथा अत्याचार किया है। नवें दशक के नाटकों की नारी पुरुष तथा समाज के अन्याय, अत्याचार से अछूती नहीं है। आज की भारतीय नारी पढ़ी-लिखी है, कायदा-कानून जानती है। आज नारी को केवल ऊपरी तौर पर आजादी दी गई है। आज भी वह अपने मन के अनुसार ज्यादातर काम नहीं कर पाती। उसे पुरुष समाज की सलाह लेनी पड़ती है। आज भी भारतीय नारी अत्याचार शोषण से तंग आकर आत्महत्या करने के लिए विवश हो जाती है। विभिन्न नाटककारों ने अपने विचारों से नारी समाज की समस्याओं को यथा दृष्टि से प्रस्तुत किया है।

संदर्भ -

1. हिंदी साहित्य सामाजिक चेतना, डॉ. रत्नाकर पांडे
2. नाटक और यथार्थवाद, डॉ. कमलिनी मेहता
3. हिंदी नाटकों में नायिका की परिकल्पना, प्रेमलता अग्रवाल
4. स्कंद गुप्त, प्रसाद
5. समानांतर प्रेम, अहमद निहाल सिद्दीकी
6. बिजली दस्तक, सरताज नारायण माथुर
7. जीने दो, राम भगत पासवान
8. मैं नारी तुम पुरुष, डॉ. अज्ञात
9. श्वेत कमल, विष्णु प्रभाकर
10. दिल्ली ऊंचा सुनती है, कुसुम कुमार
11. ख्याल भारमल, हमीदुल्ला
12. माधवी, भीष्म साहनी
13. गांधार की भिक्षुणी, विष्णु प्रभाकर
14. आज की अहिल्या, पारसनाथ गोवर्धन
15. अब और नहीं, विष्णु प्रभाकर
16. संस्कार को नमस्कार, कुसुम कुमार
17. आदमी जो मछुआरा नहीं था, मृणाल पांडे

★

M.E.S. Institute of Management Rajajinagar, Bangalore
Sharada S
Principal
MES Institute of Managemen
Rajajinagar Bangalore-560 010

M.E.S. Institute of Management
Rajajinagar, Bangalore - 10

क्रांतिधर्मी प्रेमचंद

संपादक
डॉ. गगन कुमारी हळवार
डॉ. बेंद्रे वसवेश्वर नागोराव

प्रेमचंद की दो विशेषताएं हैं— एक क्रांतिधर्मिता और दूसरा संवेदनशीलता। अपने आप में यह दो विरोधी तत्व हैं, किन्तु इन्हीं दो तत्वों का मणिकांचन समन्वय इस किताब में करने का प्रयास हुआ है। अतः यहाँ पर यह भी देखना अधिक रोचक होगा कि एक संवेदनशील साहित्यकार किस प्रकार अपने क्रांतिधर्मिता का पालन करते हुए, अपने सरोकारों से संपृक्त है।

M.E.S. Institute of Management
Rajajinagar, Bangalore - 10.

प
परिकल्पना
के-37, अजीत विहार, दिल्ली-110084
मो. 9968084132, 7982062594
e-mail : parikalpana.delhi2016@gmail.com

ISBN 978 93 95104 26 5

परिकल्पना

© संपादक

प्रथम संस्करण : 2023

ISBN : 978-93-95104-26-5

मूल्य : ₹ 350

* M.E.S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore - 10.

शिवानंद तिवारी द्वारा परिकल्पना, के-37, अजीत विहार, दिल्ली-110084।
से प्रकाशित और शिव प्रकाश शुक्ल, दिल्ली से टाइप सेट होकर
[illegible] प्रिंटर्स, दिल्ली-110032 में मुद्रित

12. प्रेमचंद साहित्य में बाल चेतना 87
—डॉ. अनुपमा
13. प्रेमचंद के कथा साहित्य में समकालीन और वर्तमानकालिक प्रासंगिकता 93
—डॉ. कंचन कुड्चीकर
14. प्रेमचंद की कहानियों में सामाजिक चेतना 99
—डॉ. गणशेटवार साईनाथ नागनाथ
15. प्रेमचंद के उपन्यासों में सामाजिक चेतना 105
—डॉ. धन्या बी
16. प्रेमचंद के उपन्यासों में सामाजिक चेतना 109
—डॉ. नारायण बागुल
17. प्रेमचंद के कथा साहित्य में मानवीय संवेदना 114
—डॉ. निशा एस
18. प्रेमचंद के साहित्य में मानववाद की अभिव्यंजना 118
—डॉ. प्राची त्रिपाठी
19. 'बलिदान' कहानी : किसान त्रासदी 124
—डॉ. माया सगरे-लक्का
20. गोदान में जीवन-दर्शन 130
—डॉ. रमेशकुमार टण्डन
21. प्रेमचंद के उपन्यासों में स्त्री विमर्श : 'निर्मला' के विशेष संदर्भ में 139
—डॉ. राखी के शाह
22. स्त्री विमर्श के आलोक में प्रेमचंद 145
—डॉ. रितु गुप्ता
23. प्रेमचंद के कथा साहित्य में मानवीय संवेदना 151
—प्रो. रूपा पाटील
24. प्रेमचंद के कथा साहित्य में स्त्री जीवन की समस्याएँ 154
—डॉ. रोशन लाल
25. प्रेमचंद की कहानियों में जीवन मूल्य 167
—डॉ. वर्षाराणी जवडे
26. प्रेमचंद की कहानी 'सुहाग की साड़ी' में निहित राष्ट्र प्रेम 170
—डॉ. जयंती विस्वास
27. हिंदी के कथा साहित्य में चित्रित गाँव में स्त्री चेतना 175
पटेल निर्मलाबेन ईश्वरभाई

M.E.S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore - 10. *

13. प्रेमचंद के कथा साहित्य में समकालीन और वर्तमानकालिक प्रासंगिकता

डॉ. कंचन कुडचीकर
सहायक प्राध्यापिका, हिंदी विभाग,
एमईएस आयओएम
राजाजी नगर, बेंगलूरु

प्रेमचंद अपने युग के अप्रतिम कलाकार थे जो कालजयी है। उनके कुल ग्यारह उपन्यास और 300 से अधिक कहानियां है जिनकी प्रसिद्धि के कारण उन्हें 'उपन्यास सम्राट' और 'कहानी सम्राट' भी कहते हैं। प्रेमचंद का कथा साहित्य कला की दृष्टि से उत्कृष्ट है। अपनी कहानियों में उन्होंने व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को महत्व दिया है। प्रेमचंद का जन्म सन् 1880 ई. में बनारस के पास लमही नामक गांव में हुआ था। 1885 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई। दोनों का जन्म लगभग समकालिक है। प्रेमचंद की कहानी रचना का काल दो महायुद्ध के बीच है। विश्व संस्कृति में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों से भारतीय समाज अछूता नहीं रह सकता था। प्रेमचंद के लगभग एक दर्जन उपन्यास तथा 300 से अधिक कहानियां विश्व संस्कृति की विविध धड़कनों एवं आंदोलनों में भारतीय आस्था और जीवन ज्योति को प्रज्वलित करती हैं।

समकालीन प्रासंगिकता : प्रेमचंद के कथा साहित्य में समकालीन भारतीयों की आशा-आकांक्षा, रुचि-अरुचि एवं दुख-दर्द अधिक प्रमाण में मिलता है। उनका साहित्य इतिहास में घटित घटनाओं का विस्तृत ब्यौरा नहीं अपितु प्रत्येक व्यक्ति की संवेदनात्मक प्रतिक्रिया, प्रभाव तथा अनुगूंज है। प्रेमचंद ने ही लिखा है, "इतिहास में सब कुछ यथार्थ होते हुए भी वह असत्य है। इस कथन का आशय इसके सिवा और क्या हो सकता है कि इतिहास आदि से अंत तक हत्या, संग्राम और धोखे का ही प्रदर्शन है, जो असुंदर है, इसलिए असत्य है.... जहाँ आनंद है,

M.E.S. Institute of Management, R. Nagar, Bangalore - 10.

वही सत्य है। साहित्य काल्पनिक वस्तु है; पर उसका प्रधान गुण है आनंद प्रदान करना, और इसलिए वह सत्य है।''[1] प्रेमचंद का कहानी साहित्य समकालीन संदर्भ को ग्रहण करते हुए अद्भुत सृजनशीलता के कारण आज भी प्रासंगिक है। उनके साहित्य का प्रमुख तत्व है मनुष्य की जिजीविषा या अपनी सत्ता के लिए समस्याओं से जूझने का अदम्य उत्साह।

प्रेमचंद ने तीव्र राजनीतिक-आंदोलनों, क्रांतिकारी सामाजिक-धार्मिक परिवर्तनों तथा मूल्य संक्रमण के युग में समकालीन यथार्थों को अपने लेखन सृजन का विषय बनाया। प्रेमचंद के उपन्यासों तथा कहानियों में आंदोलन की जनवादी प्रतिक्रिया प्रतिफलित दिखाई देती है। उनकी प्रौढ़ता के समानांतर स्वतंत्रता आंदोलन भी प्रौढ़ होता जा रहा था। इनकी कहानियों में गांधी की नैतिक मान्यताओं का प्रभाव भी दिखाई पड़ता है। गांधी की नैतिक मान्यताओं के प्रति विशेष आस्था के आधार पर ही प्रेमचंद का हृदय परिवर्तन वाला सिद्धांत निर्मित हुआ था। मानसरोवर प्रथम भाग में संग्रहित कई कहानियों का मूल कथ्य इसी सिद्धांत से अनुशासित है। अलग्योझा, दिल की रानी, पास वाली, शिकार, सुभागी आदि कहानियां इसी प्रकार की है। लेकिन प्रेमचंद की वैचारिकता गांधी के प्रभावों के कारण आदर्श के चौखट से जड़ीभूत नहीं रह सकी। उनमें परिवर्तन का क्रम जारी रहा अंततः वे यथार्थ की कठोर सच्चाईयों को अच्छी तरह उद्घाटित करने में समर्थ हो सके।

अ) राजनीतिक प्रासंगिकता : प्रेमचंद ने अपने कुछ कहानियों का कथानक राजनीतिक संवेदना के आधार पर गढा है। देश की आजादी के लिए बड़े उत्साह से प्राणों की बाजी लगाने वाले वीरों के साथ ही स्वार्थी और दिखावटी लोगों की कमी न थी। इतना जरूर था कि यह शक्तियां किसी न किसी रूप में कमजोर थी अन्यथा, त्याग की शक्ति प्रभावशाली ना हो पाती। 'मां' कहानी के आदित्य का कथन तत्कालीन स्थितियों को बेबाक ढंग से उजागर करता है, ''यह बड़ा ही कटु अनुभव है करुणा! मुझे ना मालूम था कि मेरे कैद होते ही लोग मेरी ओर से यों आंखें फेर लेंगे, कोई बात भी नहीं पूछेगा। राष्ट्र के नाम पर मिटने वालों का यही पुरस्कार है, यह मुझे न मालूम था। जनता अपने सेवकों को बहुत जल्दी भूल जाती है, यह तो मैं जानता था, लेकिन अपने सहयोगी और सहायक इतने बेवफा होते हैं, इसका मुझे यह पहला ही अनुभव हुआ।''[2] 'अनुभव' में भी देश प्रेम और स्वार्थ का यही द्वंद्व है। आंदोलनकारियों के कारावास हो जाने पर अपने ही [illegible] उनके परिवार के लोगों को आश्रय देने से कतराने लगते थे। सरकारी [illegible] में लगे लोगों में यह स्वार्थपरता कुछ अधिक थी। इसके विपरीत [illegible]

M.E.S. Institute of Management * Rajajinagar, Bangalore - 10. *

